उज्जैन
शनिवार
26
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-323
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 अनंत चतुर्दशी: इंदौर में निकली 22 झांकियां, अखाड़ों ने दिखाए करतब

7 एशियन गेम्स-भारत को पुरुष मैराथन में 44 साल बाद मेडल



लव एंड वॉर से आलिया भट्ट का फर्स्ट लुक रिलीज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' से आलिया भट्ट का पहला लुक सामने आ गया है। इस फिल्म में आलिया ग्लैमरस रेट्रो और विंटेज अवतार में नजर आ रही हैं। संजय लीला भंसाली ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट '' (ट्विटर) पर आलिया के इस लुक की पहली तस्वीर शेयर की है। ओल्ड-स्कूल फैशन, स्पार्कलिंग डिटेल्स और क्लासिक स्टाइलिंग के साथ आलिया का यह लुक काफी चर्चा में है। इस बड़े बजट की फिल्म में आलिया के साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। सामने आई पहली तस्वीर में आलिया भट्ट 60 और 70 के दशक के रेट्रो फैशन में नजर आ रही हैं। उनके आउटफिट में ब्लिंग और विंटेज स्टाइलिंग का खास ध्यान रखा गया है।

देश

- **दिल्ली हाईकोर्ट** का आदेश, पीएम मोदी के साथ महिला की मॉर्फ्ड फोटो हटाए मेटा, सीजेपी नेताओं को नोटिस
- **पीएम मोदी** की जेन-जी के साथ भजन क्लबिंग, खंजरी बजाई, कल राहुल और सीजेपी ने जेन-जी वोट कटने की बात कही, 2029 में 36.74 करोड़ यही वोटर
- **अयोध्या में** राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में 8 के खिलाफ चार्जशीट, सीसीटीवी में 85 बार रकम हटाने का दावा
- **गुजरात के** सूरत में भीषण सड़क हादसा, खड़े डंपर से कार टकराई, हादसे में चालक समेत चार लोगों की मौत
- **सीबीएसई** के नए चेयरमैन बने मंदीप भंडारी, 2001 बैच के आईएएस अधिकारी हैं, सरकार की 4 महीने में इस पद पर तीसरी नियुक्ति

विदेश

- **ईरान बोला-**हमारे विमान रोके तो किसी के उड़ने नहीं देंगे, ईरान से हर दिन 100 इंटरनेशनल फ्लाइट्स, यूएई-ओमान समेत कई देशों ने उड़ानें रोकीं
- **चीन के रूट** से हट रहे इंटरनेट केबल, अब ये हिंद महासागर में बिछ रहे, भारत को फायदा, दुनिया का 99% डेटा समुद्र के नीचे चलता है
- **रिपोर्ट-** अमेरिका का मिडटर्म चुनाव के बाद ईरान पर हमला संभव, ट्रम्प ने 7 दिन में जंग रोकने का प्रस्ताव ठुकराया

व्यापार

- **दुनिया की टॉप-10** बजट एयरलाइन में 9वें नंबर पर इंडिगो
- **एटीएम से कैश** निकालने पर 3 दिन चार्ज नहीं, 28 से 30 सितंबर तक बैंकों की हड़ताल, पर डिजिटल सर्विस चालू रहेंगी

कार्टून..



माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने दी चेतावनी

एआई के गलत इस्तेमाल से 100 करोड़ मौतें संभव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ यूएन

माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने चेतावनी दी है कि गलत हाथों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई इतना ताकतवर हो सकता है कि इससे 100 करोड़ लोगों की मौत तक हो सकती है।

एक इंटरव्यू में गेट्स ने कहा कि बुरे इरादे वाले लोगों के साथ अकटूल्स का मेल अब तक के किसी भी हथियार से ज्यादा खतरनाक हो सकता है। उन्होंने खतरे को गंभीरता से लेने को कहा है।

गेट्स ने अमेरिकी सरकार से एआई पर कानून बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि कंपनियों का कंट्रोल पर्याप्त नहीं है और सरकारी निगरानी व नियम लागू करना जरूरी है। गेट्स ने अगस्त में प्रकाशित अपने लेख में भी एआई के तीन बड़े खतरे बताए थे।

ऑस्ट्रेलिया अब मामले की जांच करेगा

ऑस्ट्रेलिया अब जांच करेगा कि कंपनी पर आपराधिक मामला बनता है या नहीं। यह भी जांच की जा रही है कि ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा एजेंसियां इस घुसपैठ को पहले क्यों नहीं पकड़ सकीं।
ओपन एआई ने भी माना कि उसके मॉडलों ने ऐसे स्टेप्स लिए, जिनका इरादा कंपनी का नहीं था। सीईओ सैम ने कहा दुनिया के सभी देशों को मिलकर सुरक्षा मानक तय करना चाहिए, ताकि तकनीक ज्यादा शक्तिशाली होने पर भी कंट्रोल में रहे।

अमेरिकी सरकार इस पर कानून बनाए, ऑस्ट्रेलिया में एआई सरकारी पोर्टल हैक कर चुका

ऑस्ट्रेलिया में एआई मॉडल ने सरकारी पोर्टल हैक किया

उधर दुनिया में पहली बार किसी एआई मॉडल ने सरकारी पोर्टल को हैक किया है। यह घटना ऑस्ट्रेलिया में हुई। ओपन एआई का एक एआई मॉडल ऑस्ट्रेलिया के हेल्थ डेटा सिस्टम में घुस गया। उसने फाइलों तक पहुंचकर जानकारी हासिल की। इनमें हेल्थ खर्च और दवा सब्सिडी से जुड़ा डेटा था। ओपन एआई ने इस घटना के बारे में 54 दिन बाद सरकार को बताया। इसके बाद, प्रधानमंत्री अल्बनीज ने न्यूयॉर्क में ओपन एआई प्रमुख सैम ऑल्टमैन से फोन पर बात कर देरी पर नाराजगी जताई। इस बीच ओपन एआई के सीईओ सैम ने कहा कि एआई पर अब कंट्रोल रखना जरूरी हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर इंसानी कंट्रोल खोता है तो बहुत बुरा होगा।



मंच से बोले नितिन गडकरी तो सीएम यादव भी नहीं रोक पाए हंसी

आरटीओ अफसर गांधीवादी, नोट देखते ही फटाफट ठप्पे मार देते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में 21 साल बाद 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा' की शुरूआत हो गई है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नितिन गडकरी ने आरटीओ अधिकारियों के कामकाज पर मजेदार और चुटीला तंज कसा।

मध्य प्रदेश में शुक्रवार को 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन बस सेवा' की शुरूआत के साथ ही करीब 21 सालों के बाद एक बार फिर सरकारी बस सेवा की धमाकेदार वापसी हो गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ मिलकर हरी झंडी दिखाते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना का शुभारंभ किया। इस मौके पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कुछ ऐसा कह दिया, जिसकी चर्चा अब हर तरफ हो रही है। गडकरी के उस बयान को सुनकर मंच पर मौजूद सीएम मोहन यादव भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए।

नितिन गडकरी का तीखा और चुटीला तंज

ये बात आरटीओ के अधिकारी ध्यान में रखिए। मुझे मालूम नहीं, पर बहुत से आरटीओ ऑफिसर गांधीवादी हैं, गांधी के नोट दिखते हैं तो फटाफट ठप्पे मार देते हैं। जरा याद रखना आप, अगर गलत बस को सेंक्शन किया तो आपकी नौकरी जाएगी।

ये बात आरटीओ के अधिकारी ध्यान में रखिए। मुझे मालूम नहीं, पर बहुत से आरटीओ ऑफिसर गांधीवादी हैं, गांधी के नोट दिखते हैं तो फटाफट ठप्पे मार देते हैं।
जरा याद रखना आप, अगर गलत बस को सेंक्शन किया तो आपकी नौकरी जाएगी।



आरटीओ ऑफिस में कोई आना नहीं चाहिए'

भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि वे देश के परिवहन मंत्री हैं और जनता से हाथ जोड़कर अनुरोध करते हैं कि सरकार ने 17 सेवाएं डिजिटल कर दी हैं, इसलिए अब किसी को भी आरटीओ ऑफिस जाने की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का मुख्य उद्देश्य आम जनता के जीवन को अधिक से अधिक सुगम बनाना है।

आरटीओ के बहुत से अधिकारी गांधीवादी हैं'- दरअसल, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी परिवहन कार्यालय द्वारा बसों को फिटनेस सर्टिफिकेट देने से पहले की जाने वाली जांच का जिक्र कर रहे थे। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने नई सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि नए सेफ्टी रीजीम में हर बस के लिए एक अलग चेकलिस्ट तैयार की जाएगी, जिसे वाहन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि चेकलिस्ट के फिजिकल और वीडियो इंस्पेक्शन के बिना किसी भी बस का रजिस्ट्रेशन नहीं किया जाएगा।

बैंक कर्मचारी 28 से 30 सितंबर को क्यों कर रहे हैं हड़ताल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

बैंक कर्मचारी 28 से 30 सितंबर तक तीन दिन की हड़ताल पर रहेंगे और इसी बीच महीने का आखिरी हफ्ता भी शुरू हो रहा है। ऐसे में यह हड़ताल क्यों हो रही है, बैंकिंग सेवाओं पर इसका कितना असर पड़ेगा और सबसे बड़ा सवाल कि क्या आपकी सैलरी भी इससे प्रभावित हो सकती है।

देशभर में बैंक कर्मचारी और अधिकारी 28 से 30 सितंबर तक तीन दिन की हड़ताल पर रहेंगे। यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यानी यूएफबीयू ने बुलाई है। यूएफबीयू बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों की सात यूनियनों का साझा मंच है और उसके मुताबिक यह बैंकिंग क्षेत्र के 90 फीसदी से ज्यादा कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है।

इस हड़ताल की मुख्य वजह बैंकों में पांच दिन काम और दो दिन छुट्टी की व्यवस्था लागू करने की मांग है। अभी बैंक सोमवार से शुक्रवार तक पूरे दिन काम करते हैं। महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक बंद रहते हैं, जबकि बाकी शनिवार को काम होता है। मई 2015 में हुए समझौते में दूसरे और चौथे शनिवार को बैंक की छुट्टी घोषित की गई थी। इसके बदले बाकी शनिवार को आधे दिन की जगह पूरे दिन काम करने की व्यवस्था की गई और आगे चलकर सभी शनिवार को छुट्टी घोषित करने की दिशा में प्रयास करने की बात कही गई थी।

हड़ताल से किन सेवाओं पर असर पड़ेगा?

हड़ताल का असर बैंक की शाखाओं में होने वाले कामकाज पर पड़ सकता है। नकदी जमा करने और निकालने, चेक क्लियरिंग, खाते से जुड़े काम और दूसरी शाखा स्तर की सेवाओं में दिक्कत आ सकती है।
हालांकि बैंकिंग व्यवस्था पूरी तरह बंद नहीं होगी। यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और एटीएम जैसी सेवाएं चलती रहने की उम्मीद है। सरकार के मुताबिक तीन दिन की हड़ताल से बैंकिंग सेवाओं में व्यवधान आ सकता है, खास तौर पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की शाखाओं पर इसका असर पड़ सकता है।

नवंबर 2020 में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। उस समय भारतीय बैंक संघ और बैंक प्रबंधन ने मांग पर आगे बातचीत कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। इसके बाद मार्च 2024 में हुए वेतन संशोधन समझौते में भारतीय बैंक संघ और बैंक प्रबंधन ने बाकी शनिवार को भी छुट्टी घोषित करने पर सहमति जताई। इसके बदले यूनियनों ने सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना काम के घंटे 40 मिनट बढ़ाने पर सहमति दी। यह समझौता मंजूरी के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा गया, लेकिन यूएफबीयू के मुताबिक ढाई साल से ज्यादा समय बीतने के बाद भी इस पर फैसला नहीं हुआ है।

मौसम ने फिर बदली करवट अगले 48 घंटे तेज बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मानसून की विदाई से पहले मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। बंगाल की खाड़ी से सक्रिय हुए मौसम तंत्र के प्रभाव से महाकौशल और पूर्वी मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दौर तेज हो गया है। शुक्रवार को सुबह से देर शाम तक आसमान में बादल छाए रहे और कई इलाकों में रुक-रुककर वर्षा होती रही। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटे के दौरान क्षेत्र के कई जिलों में भारी से अतिभारी बारिश की चेतावनी जारी की है। गरज-चमक के साथ तेज बौछारें पड़ने की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा मौसम प्रणाली का असर अगले एक-दो दिन तक बना रह सकता है। इसके कारण पूर्वी मध्य प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है। शुक्रवार को जारी पूवार्नुमान में जबलपुर, रीवा, उमरिया, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी सहित आसपास के जिलों में भारी से अतिभारी बारिश की संभावना जताई गई है।

शनिवार को भी कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज बारिश हो सकती है। कुछ क्षेत्रों में थोड़े समय के अंतराल में तेज वर्षा होने की स्थिति बन सकती है। ऐसे में निचले इलाकों में जलभराव और छोटे नदी-नालों में अचानक पानी बढ़ने की आशंका बनी हुई है।

शुक्रवार को शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से ही मौसम बदला हुआ नजर आया। कभी बादल घने हुए तो कभी हल्की धूप निकली, लेकिन कुछ समय बाद फिर वर्षा शुरू हो गई। रुक-रुककर हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम में ठंडक महसूस हुई। शाम होते-होते आसमान फिर बादलों से घिर गया। रात में भी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अलर्ट के बाद प्रशासनिक स्तर पर भी निचले इलाकों और जलभराव वाले क्षेत्रों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। जिले में इस मानसूनी सीजन में अब तक 798 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में यह आंकड़ा करीब 370 मिलीमीटर कम है। इसके बावजूद मौजूदा मौसम प्रणाली ने एक बार फिर वर्षा की गतिविधियों को बढ़ा दिया है।

सिंधु के पानी को रोकने की गलती न करें, कश्मीर को गले की नस बताया

शहबाज ने यूएन में भारत को जंग की धमकी दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को यूएन में भारत को जंग की धमकी दी। उन्होंने कहा कि, भारत सिंधु नदी का पानी न रोके। पानी रोकने की कोशिश को पाकिस्तान युद्ध की कार्रवाई मानेगा।

शहबाज ने कहा कि पानी को कभी हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। नदियों का काम देशों को पानी देना है, उन्हें बांटना नहीं। भारत को इसे लेकर कोई गलती नहीं करनी चाहिए। शहबाज शरीफ ने वठ में कश्मीर का मुद्दा भी उठाया। शहबाज ने कहा कि कश्मीर उनके लिए जगलर वेन (गर्दन की नस) है।

सिंधु जल संधि पर भारत के कदम को बताया गैरकानूनी- शहबाज ने कहा कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बाद भारत ने इस संधि को एकतरफा रोक दिया, जिसका कोई कानूनी आधार नहीं है। शहबाज ने दावा किया कि यूएन के विशेषज्ञों और स्थायी मध्यस्थता अदालत ने भी इस मामले में भारत के दावों और कदमों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि इससे पाकिस्तान का रुख सही साबित हुआ है।

पहलगाम हमले और भारत-पाकिस्तान संघर्ष का जिक्र- शहबाज शरीफ ने अपने भाषण में पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सेना ने फील्ड मार्शल आसीम मुनीर के नेतृत्व में सटीक जवाब दिया। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तारीफ करते हुए कहा कि मई 2025 में दोनों देशों के बीच तनाव कम कराने और युद्ध जैसी स्थिति टालने में उनकी भूमिका अहम रही। शहबाज ने कहा कि ट्रम्प की कोशिशों से बड़ा टकराव टल गया। शहबाज ने यह भी कहा कि दक्षिण एशिया में फिर से ऐसे हालात नहीं बनने चाहिए। उनके मुताबिक, इसके लिए कश्मीर मुद्दे का समाधान जरूरी है।

जयशंकर का पाकिस्तानी पत्रकार पर तंज: कहा- अब आतंकी देश मुझसे सवाल पूछेगा, जर्नलिस्ट ने भारत पर पाक में आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया था

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को एक पाकिस्तानी रिपोर्टर पर तंज कसा। रिपोर्टर ने भारत पर पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। इस पर जयशंकर ने कहा, एक आतंकवादी देश मुझसे यह सवाल पूछ रहा है। रिपोर्टर के सवाल का जवाब देने के बाद वे मुस्कुराए और वहां से निकल गए। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस दौरान भारत की विदेश नीति, वैश्विक सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई पर बातचीत हो रही थी। इससे पहले दिसंबर 2022 में न्यूयॉर्क में एक पाकिस्तानी पत्रकार ने जयशंकर से पूछा था कि दक्षिण एशिया आखिर कब तक भारत, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से जुड़े आतंकवाद का सामना करता रहेगा। इस पर जयशंकर ने कहा था, आप गलत मंत्री से सवाल पूछ रहे हैं। पाकिस्तान कब तक आतंकवाद जारी रखना चाहता है, यह पाकिस्तान के मंत्री बताएंगे। भारत लंबे समय से पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाता रहा है। पाकिस्तान इन आरोपों से इनकार करता है।

डिजिटल मीडिया के इस्तेमाल पर नेशनल पॉलिसी बनाने की मांग

स्कूलों में स्मार्टफोन बैन हो, 15 साल तक के बच्चे सोशल अकाउंट न बना सकें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज ने एक सर्वे रिपोर्ट के आधार पर बच्चों के डिजिटल मीडिया इस्तेमाल को लेकर देशभर के लिए नीति बनाने की मांग की है। इसमें स्कूलों में स्मार्टफोन पर रोक और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म तक उम्र के आधार पर पहुंच की सिफारिश की गई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की कानूनी जिम्मेदारी और उन पर जुमार्ना तय होना चाहिए। इसकी जिम्मेदारी बच्चे या माता-पिता पर नहीं डाली जानी चाहिए।

प्रिवेंशन बाय डिजाइन: फ्रॉम वॉलंटरी सेल्फ-रेगुलेशन टू अ स्टेट ड्यूटी ऑफ केयर रिपोर्ट न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक इवेंट में जारी की गई।

यह कार्यक्रम रिस्पॉन्सिबल अक एंड सेफ डिजिटल स्पेसेज फॉर चिल्ड्रन विषय पर हुआ था। रिपोर्ट में 40 से ज्यादा देशों में उम्र के आधार पर डिजिटल मीडिया बैन पर स्टडी की गई। रिपोर्ट में 110 देशों की स्कूलों में स्मार्टफोन से जुड़ी नीतियों की भी तुलना की गई। इसमें कहा गया है कि बच्चों की सुरक्षा अब प्लेटफॉर्म की स्वैच्छिक निगरानी का विषय नहीं रह सकती। यह अब सरकार की कानूनी जिम्मेदारी होनी चाहिए। इसमें डिजिटल नुकसान रोकने के लिए पहले से व्यवस्था बनाने पर जोर दिया गया है।

52 देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर रोक

- रिपोर्ट ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर राष्ट्रीय स्तर पर रोक का समर्थन किया है। इसके अनुसार, 52 देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन इस्तेमाल पर राष्ट्रीय कानून के तहत रोक है। 31 देशों ने ऐसी रोक के लिए नेशनल गाइडलाइन जारी की हैं।
- केवल 9 देशों में यह फैसला अलग-अलग स्कूलों पर छोड़ा गया है। रिपोर्ट में प्राइमरी और मिडिल स्कूल के दौरान छात्रों के स्मार्टफोन इस्तेमाल पर रोक की मांग की है।
- जेआरसी के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा कि डिजिटल दुनिया में खतरा बढ़ गया है। इसे रोकने वाली व्यवस्थाएं इसके अनुसार अपडेट नहीं हो पाई हैं।
- उन्होंने कहा, डिजिटल दुनिया में नुकसान का स्तर बढ़ गया है, जबकि इसे रोकने वाली व्यवस्थाएं इसके साथ कदम नहीं मिला पाई हैं। सीमा पार होने वाले ऑनलाइन नुकसान से निपटने के लिए दुनिया को अनिवार्य रिपोर्टिंग और अंतरराष्ट्रीय कानूनी ढांचे की जरूरत है।
- ऋभु ने कहा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बच्चों को ऐसे अनुबंधों या व्यवस्थाओं में शामिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जो उनके अधिकारों और सुरक्षा को कमजोर करें।
- उन्होंने कहा, 18 साल से कम उम्र का बच्चा कानूनी रूप से किसी अनुबंध में शामिल नहीं हो सकता। ऐसा कोई भी समझौता शुरू से ही अमान्य होता है।
- उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में बच्चों की सुरक्षा और कानून के शासन के सिद्धांतों को तकनीक पर लागू किया गया है।
- ऋभु ने कहा, डिजिटल प्लेटफॉर्म के स्तर पर हम कार्रवाई से पहले लाखों नुकसान होने का इंतजार नहीं कर सकते। हमें ऐसी व्यवस्थाएं बनानी होंगी, जो नुकसान रोकें। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल जोखिमों की जल्द पहचान करने और बच्चों को सुरक्षा से जोड़ने के लिए किया जाना चाहिए।

अपनेतक : गांधीवादी आरटीओ और गांधी के नोट!

नितिन गडकरी ने मंच से जो बात मजाकिया अंदाज में कही, उस पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित मंच पर मौजूद लोग हंस पड़े। लेकिन इस हंसी के पीछे छिपा सवाल इतना छोटा नहीं है। गांधी के नोट देखते ही ठप्पे मारने वाले गांधीवादी वाला तंज दरअसल उस धारणा पर चोट करता है, जो लंबे समय से सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका को लेकर आम आदमी के बीच बनी हुई है।

आरटीओ का काम केवल कागजों पर ठप्पा लगाना नहीं है। वहां जारी होने वाला फिटनेस प्रमाणपत्र सड़क पर दौड़ने वाले वाहन की सुरक्षा से जुड़ा होता है। खासकर यात्री बसों के मामले में एक गलत प्रमाणपत्र का मतलब केवल सरकारी रिकॉर्ड में एक गलती नहीं, बल्कि सैकड़ों यात्रियों की सुरक्षा से समझौता हो सकता है। इसलिए फिटनेस जांच में किसी भी तरह की लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए।

गडकरी ने जिस नई व्यवस्था की बात कही–हर बस के लिए चेकलिस्ट, फिजिकल जांच, वीडियो इंस्पेक्शन और वाहन पोर्टल पर रिकॉर्ड–उसका उद्देश्य यदि वास्तव में मानवीय हस्तक्षेप और मनमानी को कम करना है, तो यह बदलाव महत्वपूर्ण हो सकता है। लेकिन असली परीक्षा व्यवस्था लागू होने के बाद होगी। कैमरा लगा देने से भ्रष्टाचार खत्म नहीं होता, जब तक कैमरे के पीछे बैठे व्यक्ति की जवाबदेही भी तय न हो।

डिजिटल आरटीओ की बात भी सुनने में अच्छी है। आम आदमी को अगर लाइसेंस, पंजीयन, फिटनेस, परमिट जैसी सेवाओं के लिए बार-बार दफ्तर के चक्कर न लगाने पड़ें, दलाल की जरूरत न पड़े और हर आवेदन की स्थिति मोबाइल पर दिखाई दे, तो यह वास्तव में सुगम परिवहन व्यवस्था होगी। लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था में भी जहां अंतिम निर्णय किसी अधिकारी या निरीक्षक के हाथ में रहेगा, वहां पारदर्शिता और निगरानी उतनी ही जरूरी होगी।

गडकरी का यह कहना कि गलत बस को फिटनेस देने पर नौकरी जाएगी, अधिकारियों के लिए स्पष्ट संदेश है। मगर इसके साथ एक दूसरा संदेश भी जरूरी है–ईमानदारी से नियम लागू करने वाले अधिकारी को भी किसी दबाव, सिफारिश या राजनीतिक हस्तक्षेप से सुरक्षा मिले। तभी जवाबदेही दोनों तरफ दिखाई देगी।

और शायद यही इस पूरे प्रसंग की सबसे बड़ी विडंबना है। मंच पर गांधीवादी आरटीओ कहकर हंसी आती है, लेकिन सड़क पर चलने वाली बस में बैठे यात्री के लिए यह मजाक नहीं है। उसके लिए बस की फिटनेस का मतलब है–ब्रेक काम करेंगे या नहीं, टायर सुरक्षित हैं या नहीं, इमरजेंसी में दरवाजा खुलेगा या नहीं और वाहन सड़क पर सुरक्षित है या नहीं।

इसलिए गडकरी का चुटकुला चुटकुले से आगे जाकर व्यवस्था के लिए आईना बन जाता है। सवाल यह नहीं कि आरटीओ अधिकारी गांधीवादी हैं या नहीं; सवाल यह है कि क्या व्यवस्था इतनी पारदर्शी बन सकती है कि गांधी के नोट दिखाने की जरूरत ही खत्म हो जाए?

यदि डिजिटल प्रणाली सचमुच लागू होती है, निरीक्षण की वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रहती है, हर प्रमाणपत्र की जवाबदेही तय होती है और गलत फिटनेस पर कार्रवाई होती है, तो आरटीओ में ठप्पे की ताकत से ज्यादा नियम की ताकत दिखाई देगी और तब शायद अगली बार किसी मंत्री को आरटीओ के गांधीवाद पर चुटकी लेने की जरूरत ही न पड़े।

एनएसएस स्वयंसेवकों ने की सफाई, प्राचार्य ने दिलाई शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर पूरे महाविद्यालय परिसर को साफ किया और इसे प्लास्टिक मुक्त बनाया। यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कल्पना वीरेन्द्र सिंह ने प्लास्टिक मुक्त परिसर पोस्टर का विमोचन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए प्लास्टिक के गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराया। डॉ. सिंह ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे केवल महाविद्यालय में ही नहीं, बल्कि अपने घरों, वार्डों और गांवों में भी नागरिकों को जागरूक करें। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. संगीता दुबे, डॉ. रामसिंह सोलंकी और डॉ. राधेश्याम भील थे।

खटारा बसों पर लगा भगवा रिफ्लेक्टर, रंग बदला पर हालत?

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के शुभारंभ के बीच बसों की सुरक्षा और फिटनेस को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। सड़कों पर दौड़ रही पुरानी और जर्जर बसों पर अब भगवा रंग का रिफ्लेक्टिव रेडियम लगाया जा रहा है, ताकि रात के समय पीछे से आने वाले वाहन चालकों को बसें आसानी से दिखाई दे सकें।

रेडियम लगाने से निश्चित रूप से रात में बसों की दृश्यता बढ़ सकती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल खटारा बसों पर भगवा रिफ्लेक्टर लगा देने से वे सुगम परिवहन का हिस्सा बन जाएंगी? यात्रियों के लिए असली सुरक्षा बस के रंग या रेडियम से नहीं, बल्कि उसकी तकनीकी फिटनेस से तय होती है।

बसों के ब्रेक, टायर, हेडलाइट, इंडिकेटर, स्टीयरिंग, दरवाजे, इमरजेंसी व्यवस्था और अन्य जरूरी उपकरणों की स्थिति की नियमित जांच जरूरी है। यदि कोई बस उम्रदराज होने के साथ तकनीकी रूप से कमजोर है, तो उस पर चमकता हुआ रेडियम उसकी कमियों को दूर नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित, सुविधाजनक और भरोसेमंद परिवहन उपलब्ध कराना है। ऐसे में निगाह इस बात पर भी रहेगी कि नई परिवहन व्यवस्था में शामिल बसों की फिटनेस जांच कितनी सख्त है और जमीनी स्तर पर उसका पालन कितना होता है। रात में दूर से चमकता भगवा रेडियम बस की मौजूदगी जरूर बता देगा, लेकिन यात्रियों का भरोसा तभी कायम होगा जब बस दूर से चमकने के साथ अंदर से भी सुरक्षित और सड़क पर चलने लायक हो।



उज्जैन
शनिवार
26
सितम्बर, 2026

दैनिक
ब्रह्मास्त्र

सद्विद्या यदि का चिन्ता वराकोदर पूरणे।
शुकोऽप्यशनमाप्नोति रामरामेति च ब्रुवन्।।

अर्थ: यदि आपके पास अच्छा ज्ञान है, तो पेट भरने के बारे में चिंता करने का कोई कारण नहीं है। तोते को राम राम कहने से भी भोजन मिलता है।

खबर एक नजर...

30 साल के शुभम ने फांसी लगाई, प्रेम प्रसंग की जांच जारी

इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र के सिंगापुर टाउनशिप स्थित श्रीनाथ ग्रीन व्यू में 30 वर्षीय शुभम पटेल ने देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुभम अगरबत्ती कारखाने में काम करता था। रात करीब 12:30 बजे वह घर लौटा और अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद कमरे से आवाज आने पर परिजनों ने रोशनदान से देखा तो शुभम फंदे पर झूल रहा था। परिजन उसे नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां से डॉक्टरों ने एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया। एमवाय अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि इलाके की ही एक युवती से शुभम का प्रेम प्रसंग चल रहा था। करीब 5 महीने पहले युवती के पिता ने शुभम के साथ मारपीट की थी। इसके बाद शुभम ने लसूड़िया थाने में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पुलिस प्रेम प्रसंग समेत अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शुभम के परिवार में माता-पिता और एक छोटा भाई है। इधर, तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के मेरोद ग्राम में 35 वर्षीय संगीता पति दिवंगत भरत राठौर ने गुरुवार को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार संगीता शराब पीने की आदी थी। उसके दो बेटे हैं, जो मकान निर्माण कार्य से जुड़े हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एक अन्य घटना में सिमरोल क्षेत्र के 45 वर्षीय किसान दिनेश पुत्र हिंदू सिंह की शुक्रवार सुबह एमवाय अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि घर के सामने रखे सरिए में पैर उलझने से दिनेश गिरकर घायल हो गए थे। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है।

मजदूर ने घर का दरवाजा बंद कर लगाई फांसी

पीथमपुर। पीथमपुर के सागौर थाना क्षेत्र के खेड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर एक मजदूर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना करीब 2 से 3 बजे के बीच की है। मृतक की पहचान खंडवा निवासी सुभाष पिता राम प्रसाद डोहरिया के रूप में हुई है। वह पीथमपुर में मजदूरी करता था।घटना के समय सुभाष ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। काफी देर तक कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो परिजनों ने खिड़की से अंदर देखा। सुभाष फांसी के फंदे पर लटका मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही सागौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और मर्ग कायम किया। इसके बाद सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी प्रकाश सरोदे ने बताया कि सुभाष मूल रूप से खंडवा का रहने वाला था और पीथमपुर में मजदूरी करता था। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। सुभाष के परिवार में दो बच्चे हैं।

जहरीली शराब से नहीं, अल्सर फटने से युवक की मौत

पीथमपुर। पीथमपुर के औद्योगिक नगर सागौर थाना क्षेत्र के दिग्ठान चौकी इलाके के रतवा गांव में दो दिन पहले युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। मृतक की पहचान नवीन चौधरी (30) के रूप में हुई थी। परिवार ने आरोप लगाया था कि युवक की मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अब मौत की वजह सामने आई है। घटना के बाद धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और पूरी घटना की जानकारी ली। युवक की अचानक हुई मौत के बाद इलाके में जहरीली शराब को लेकर तरह-तरह की बातें शुरू हो गई थीं। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक नवीन की मौत 'गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ब्लीडिंग' यानी पेट और आंतों में अल्सर फटने से ज्यादा खून बहने के कारण हुई है। शुरूआती जांच में जहरीली शराब की आशंका सामने नहीं आई है।

महू में पर्युषण महापर्व पर निकली पालकी यात्रा

महू। दिगम्बर जैन समाज ने शुक्रवार को पर्युषण महापर्व के मौके पर कलश चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया। इस मौके पर चल समारोह निकाला गया। इसमें शामिल चांदी की पालकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। बड़ी संख्या में समाज के लोग पारंपरिक कपड़ों में शामिल हुए और भगवान की भक्ति में लीन दिखे। पर्व के तहत सुबह नगर के प्रमुख जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना की गई। जैन गली स्थित बड़े मंदिर जी, सांघी स्ट्रीट स्थित अजमेरी मंदिर जी, तेरापंथी मंदिर जी और चैत्यालय जी में विश्व शांति के लिए शांतिधारा की गई। इसके बाद दोपहर में सांघी स्ट्रीट से भव्य चल समारोह की शुरूआत हुई। शोभायात्रा में पुरुष सफेद और महिलाएं केसरिया पारंपरिक कपड़ों में शामिल हुए। भक्ति गीतों और धार्मिक जयकारों के बीच श्रद्धालु पालकी के साथ आगे बढ़े। पूरे रास्ते में भक्ति का माहौल बना रहा। जैन समाज के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने पर्युषण महापर्व के इस आयोजन में शामिल होकर धर्म का लाभ लिया।

खजराना गणेश मंदिर की झांकी से शुरूआत, अलग-अलग मिलों, इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और अन्य संस्थाओं की झांकियां शामिल हुईं

अनंत चतुर्दशी: इंदौर में निकली 22 झांकियां, अखाड़ों ने दिखाए करतब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में अनंत चतुर्दशी पर 103 साल पुरानी परंपरा के तहत 22 से ज्यादा झांकियों का चल समारोह निकला। शाम 6 बजे खजराना गणेश मंदिर की झांकी से शुरूआत हुई। इसके बाद अलग-अलग मिलों, इंदौर विकास प्राधिकरण, नगर निगम और अन्य संस्थाओं की झांकियां शामिल हुईं। रात तक झांकियों का कारवां आगे बढ़ता रहा। ड्रोन शक्लएड में सड़क पर झांकियों की लंबी कतार और किनारे जुटे लोग नजर आए।

खजराना गणेश मंदिर की झांकी में चंद्रमा पर सवार गणपति नजर आए। कृष्णपुरा छतरी, चांद और गणपति बप्पा का एक फ्रेम भी कैमरे में कैद हुआ। एक झांकी में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए गए। झांकियों में राम-लक्ष्मण, हनुमानजी, लक्ष्मी पूजा, जगन्नाथ रथयात्रा समेत पौराणिक प्रसंग और सामाजिक संदेश दिखाए गए।

चल समारोह के साथ अलग-अलग अखाड़ों ने शस्त्र कला, लाठी और पारंपरिक करतब दिखाए। पंचमुखी अखाड़ा की बच्चियों ने शस्त्र कला का प्रदर्शन किया। महिलाओं और लड़कियों की मंडली ने भी करतब दिखाए। कई जगह लड़कियां ढोल बजाते हुए चल समारोह में शामिल हुईं। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने नियमों का पालन करने वाले अखाड़ों के लिए इंदौर गौरव सम्मान की घोषणा की।



बैंड और झांकियों में दिखे अलग-अलग रंग- राजकमल बैंड, बॉबी स्टार बैंड और हनुमंत ध्वज पताका टीम की प्रस्तुतियां भी चल समारोह का हिस्सा रहीं। भूल भुलैया के छोटा पंडित के किरदार में पहुंचा युवक भी आकर्षण रहा। झांकियों में बाली-सुग्रीव युद्ध, सावित्री-सत्यवान, पूतना वध और द्रौपदी चीरहरण जैसे प्रसंग भी दिखाए गए।

प्रदेशभर में दी गणपति बप्पा को विदाई

भोपाल में मुस्लिम महिलाओं ने गणेश विसर्जन जुलूस पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कलियासोत डैम पर विसर्जन के दौरान एक बच्ची रोने लगी। भिंड में 100 से ज्यादा स्थानों पर विसर्जन जारी रहा। ओंकारेश्वर में ग्रामीण इलाकों से 100 से ज्यादा प्रतिमाएं पहुंचीं। खंडवा के नाहल्दा में विसर्जन के दौरान दो सगे भाई तालाब में डूब गए।

खजराना गणेश की पहली झांकी लौटकर कृष्णपुरा छतरी पहुंची

सालों बाद अनंत चतुर्दशी पर चल समारोह की पहली खजराना गणेश मंदिर की झांकी राजवाड़ा होते हुए कृष्णपुरा छतरी पहुंची है। यहां से झांकी वापस चिकमगलूर चौराहे पहुंचेगी। अनुमान है कि इस बार सभी झांकियों को लौटने में सुबह नहीं होगी।

इंदौर निगम ने बनी-बनाई सीमेंट सड़कों को तोड़कर दोबारा बनवाया

800 करोड़ का सड़क घोटाला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में सीमेंट कांक्रीट सड़कों(सीसी रोड) के नाम पर बड़ी साजिश सामने आई है। निगम अफसरों और ठेकेदारों के गठजोड़ से हुए 800 करोड़ के घोटाले की परतें उखड़ने लगी हैं। दरअसल, निगम ने पिछले पांच सालों में सीमेंट सड़कें बनाने के नाम पर 800 करोड़ खर्च कर दिए। पड़ताल में खुलासा हुआ कि निगम ने ज्यादातर उन्हीं सड़कों को तोड़कर दोबारा बनवाया, जो पहले से ही सीसी थीं।

खास बात यह है कि इंदौर में सीसी रोड में खराबी के लिए ठेकेदार की जिम्मेदारी यानी डिफेक्ट लाइबिलिटी पीरियड (डीएलपी) सिर्फ 3 साल रखा गया है। जबकि भोपाल, सूरत सहित देश के 25 बड़े शहरों में यह 5 से 10 साल तक है।



3 साल तो डामर सड़कों की डीएलपी होती है

सीमेंट सड़कों की लाइफ दस साल से ज्यादा होती है। इसके बावजूद हम पहले कम से कम 5 साल डीएलपी रखते थे। अब पता नहीं क्यों इसे तीन साल कर दिया गया। तीन साल तो डामर सड़कों की होती है। नवी मुंबई में तो डीएलपी 10 साल रखी गई है।

2021 में अधीक्षण यंत्री रहे अशोक राठौर के अनुसार तब कुल 3792 किमी सड़कों में से 3424 किमी (90%) सड़कें सीसी थीं। इधर, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर के मुताबिक सितंबर 2026 में शहर में लगभग 3800 किमी कुल सड़कों में 10% डामर की सड़कें हैं।

मॉल की दुकान में चोरी चार कर्मचारी पकड़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

तुकोगंज थाना पुलिस ने सिल्वर मॉल स्थित कंप्यूटर की दुकान में हुई लाखों रुपए की चोरी के मामले में दुकान से जुड़े 4 कर्मचारियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 5 लाख रुपए का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बरामद किया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। टीआई जितेंद्र चौहान ने बताया कि 24 सितंबर को फरियादी गौरव दरक ने सिल्वर मॉल स्थित अपनी दुकान पीसी एक्सपर्ट में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। गौरव ने बताया कि 21 सितंबर को दुकान में माल चेक किया तो सामान कम मिला। इसके बाद 23 सितंबर को पता चला कि चोरों ने एलजी एन्फोसिस में धर्मेंद्र नाम के दुकानदार के यहां माल बेचने की बात की है। पुलिस ने संबंधित दुकान के सीसीटीवी फुटेज देखे। फुटेज और जांच के आधार पर पुलिस ने नेतराम राजपूत निवासी श्रीराम नगर, देवांश राजपूत निवासी भाग्यलक्ष्मी नगर, एमआर-10, अंकित राजपूत निवासी कालिंदी गोल्ड और यशराज राजपूत निवासी दुर्गा कॉलोनी, मरीमाता को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 38 एसएसडी, 12 रैम, 3 हार्ड डिस्क और 2 प्रोसेसर जब्त किए हैं।

चेहरे पर मास्क लगाकर सराफा पहुंचीं दिव्या दत्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में बॉलीवुड अभिनेत्री और लेखिका दिव्या दत्ता बुधवार रात भाई डॉ. राहुल एस दत्ता के साथ मशहूर सराफा बाजार पहुंचीं। दिव्या ने सिर पर स्कार्फ और चेहरे पर मास्क लगा रखा था, ताकि लोग उन्हें पहचान न सकें। उन्होंने सराफा के लेट नाइट फूड मार्केट का आनंद लिया और बाद में सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर अपना अनुभव बताया। वीडियो में दिव्या दत्ता भाई डॉ. राहुल एस दत्ता के साथ सराफा बाजार में नजर आ रही हैं। दोनों यहां स्ट्रीट फूड का स्वाद लेते और मस्ती करते दिखाई दे रहे हैं। दिव्या ने छोले टिकिया, पापड़ी चाट, गराडू और कोकोनट क्रश का स्वाद लिया। वीडियो में सराफा की भीड़, दुकानों की रोशनी और देर रात के फूड मार्केट का माहौल नजर आ रहा है।



इंदौर में मैट्रिमोनियल साइट पर हुई थी पहचान, आरोपी निकला शादीशुदा, ब्लैकमेल करने पर एफआईआर दर्ज

शादी का झांसा देकर युवती से कराए न्यूड कॉल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

विजय नगर थाना क्षेत्र में मैट्रिमोनियल साइट के जरिए पहचान के बाद युवती से अश्लील वीडियो कॉल कराने और ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने शुक्रवार को भोपाल निवासी सन्नी गोस्वामी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

जीवनसाथी डॉट कॉम पर हुई थी पहचान- विजय नगर पुलिस के मुताबिक, निजी कंपनी में काम करने वाली युवती ने शादी के लिए जीवनसाथी डॉट कॉम पर अकाउंट बनाया था। जुलाई 2024 में उसकी पहचान सन्नी गोस्वामी से हुई। इसके बाद अगस्त 2026 में दोनों के बीच फोन पर बातचीत और वीडियो कॉल होने लगी।



- **शादीशुदा होने की बात सामने आई-** सितंबर में युवती को पता चला कि सन्नी पहले से शादीशुदा है और उसका एक बेटा भी है। इस पर उसने सन्नी से बात कर धोखा देने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद सन्नी ने उसे धमकाया और जातिसूचक बातें कहीं। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी ने धमकी दी कि अगर उसने यह बात किसी को बताई तो वह उसे हर जगह बदनाम कर देगा। इसके बाद वह बार-बार कॉल कर उसे परेशान करने लगा।
- **नंबर ब्लॉक किया तो बदनाम करने लगा-** 12 सितंबर को परेशान होकर युवती ने आरोपी का नंबर ब्लॉक कर दिया। इसके बाद आरोपी पर उसे बदनाम करने का आरोप है। परेशान होकर युवती ने विजय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश कर रही है।

युवती परिवार से शादी की बात कराने की कोशिश कर रही थी। इसी दौरान सन्नी ने उससे न्यूड होकर वीडियो कॉल करने को कहा। युवती ने मना किया तो आरोपी ने शादी का हवाला देते हुए कहा कि उनकी जल्द शादी हो जाएगी। इसके बाद युवती उसकी बातों में आ गई।

एमटीएच में पीजी छात्रा से रैगिंग की शिकायत पर कार्रवाई

एचओडी समेत सीनियर डॉक्टरों को नोटिस, 2 प्रोफेसर ऑब्जर्वर नियुक्त

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के एमटीएच अस्पताल में पीजी विद्यार्थी डॉ. सिम्मी यादव से रैगिंग और ड्यूटी को लेकर सामने आई शिकायत के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में विभाग के ह्डऊ डॉ. नीलेश दलाल समेत शिकायत से संबंधित सीनियर डॉक्टरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही विभाग की निगरानी के लिए दो वरिष्ठ प्रोफेसरों को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने डॉक्टरों, पीजी विद्यार्थियों और सीनियर रेजिडेंट्स के साथ बैठक कर पूरे मामले सहित कार्यस्थल के माहौल, ड्यूटी व्यवस्था, तनाव प्रबंधन और आपसी संवाद पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रैगिंग को लेकर अस्पताल की जीरो टॉलरेंस नीति है। सीनियर द्वारा जूनियर को बुली करना, परेशान करना या किसी भी तरह का अनुचित व्यवहार रैगिंग की श्रेणी में आता है।

डीन ने बताया कि रैगिंग को लेकर शिकायत प्राप्त हुई थी। जूनियर और सीनियर के बीच ड्यूटी से जुड़ा एक विषय भी सामने आया था। इस संबंध में छात्रा के पिता और भाई की ओर से भी शिकायत प्राप्त हुई है। शिकायत मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। मामले की जांच के लिए एंटी रैगिंग कमेटी सहित तीन संबंधित कमेटी बनाई गई है। कमेटियों की जांच और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



एचओडी का रोटेशन, दूसरे प्रोफेसर को दी जिम्मेदारी- विभाग के यूनिट हेड को फिलहाल रोटेशन के तहत बदल दिया गया है और दूसरे प्रोफेसर को जिम्मेदारी दी गई है। डीन के मुताबिक, संबंधित प्रोफेसर छात्रा के मेंटर भी हैं। उन्हें विभाग की स्थिति सामान्य करने और ड्यूटी से जुड़ी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने विभाग की कार्यप्रणाली और छात्रों की शिकायतों की निगरानी के लिए दो वरिष्ठ प्रोफेसरों को ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। पीएसएम विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सलील साकल्ले और डॉ. बीना को यह जिम्मेदारी दी गई है। दोनों ऑब्जर्वर रोजाना विद्यार्थियों से संवाद करेंगे, विभाग के माहौल की निगरानी करेंगे और छात्रों की समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी डीन तक पहुंचाएंगे।

यह है पूरा मामला- एमजीएम मेडिकल कॉलेज और एमटीएच अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में जेआर-1 के तौर पर काम कर रहीं डॉ. सिम्मी यादव के इंसुलिन ओवरडोज लेने के बाद आईसीयू में भर्ती हुई थी। मामले में नेशनल मेडिकल कमीशन तक में भी शिकायत हुई थी। डॉ. सिम्मी के भाई कुणाल यादव ने एनएमसी के एंटी रैगिंग सेल समेत संबंधित अधिकारियों को शिकायत भेजकर रैगिंग, मानसिक प्रताड़ना, सार्वजनिक रूप से अपमानित करने, धमकाने और पढ़ाई प्रभावित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

12 घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं

बैठक में पीजी विद्यार्थियों और डॉक्टरों की ड्यूटी व्यवस्था को लेकर भी स्पष्ट निर्देश दिए गए। डीन ने कहा कि डॉक्टरों की ड्यूटी 12 घंटे से अधिक नहीं होगी। सामान्य परिस्थितियों में प्रतिदिन 8 घंटे की ड्यूटी का रोस्टर रहेगा, जबकि इमरजेंसी की स्थिति में अधिकतम 12 घंटे तक ड्यूटी ली जा सकेगी।

काम के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी जोर

डॉ. घनघोरिया ने डॉक्टरों और पीजी विद्यार्थियों से कहा कि चिकित्सा का क्षेत्र जिम्मेदारी और लंबे कार्य घंटों वाला है। ऐसे में काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने तनाव की स्थिति में सहकर्मियों, वरिष्ठों, मित्रों और परिवार से संवाद करने तथा आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ की मदद लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी कठिन परिस्थिति में जीवन से हार नहीं माननी चाहिए। अस्पताल प्रशासन का उद्देश्य मरीजों की बेहतर सेवा के साथ-साथ चिकित्सकीय टीम के लिए सकारात्मक और सुरक्षित कार्यस्थल का वातावरण सुनिश्चित करना है।

NPR INFRA
ADVISOR S PRIVATE LIMITED
Your Investment Our Advise

THE NEXT CHAPTER OF

More than just a plot... it's a better tomorrow!

ELIXIR PRANA

ON DELHI - DEHRADUN EXPRESSWAY

elixirprana

Prime Location
Unlimited Possibilities

PLOTS STARTING FROM
₹ 39,999/-sq.yd.

8,469 likes

Invest Today. Prosper Tomorrow.

View all 56 comments

1K

Strategic Location
80 ft Wide Road

High Appreciation
Growing demand, bright future

Planned Development
Modern infrastructure & green surroundings

Secure Investment
RERA approved project

Serene Lifestyle
Nature, peace & wellness

+91 97116 38113
Mob. 8935980500

Delhi – Dehradun Expressway

Book Your Plot Today!

Marketed by
SOS INFRABULLS INTERNATIONAL PVT. LTD
Security, Opportunity, Sincerity

PROJECTED BY:
RUDRAAKSH GROUPS

इंदौर-उज्जैन रोड
के नजदीक

₹1 लाख
के डाउन पेमेंट में प्लॉट
बाकी बैंक लोन द्वारा

बेहतर लोकेशन
लाभदायक निवेश
भविष्य के लिए सुरक्षित
आपके परिवार के सपनों का आशियाना

RUDRAAKSH
AANGAN

LIMITED PLOT AVAILABLE
LIMITED TIME OFFER
HURRY UP..!

प्रॉपर्टी निवेश के लिए
अभी कॉल करें

More Information Call
Gunjan Shrivastava
Mob. 9179280723
Mob. 9179703509

एक प्लॉट,
कई बड़े सपनों की शुरुआत....

BOOKING STARTS FROM
₹ 51,000

SUPPORT US www.sosinfrabulls.in

स्वदेशी जागरण मंच

स्वावलंबी भारत अभियान

स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

वस्तु	स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें	विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें
नहाने का साबुन	संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो
कपड़े धोने का साबुन	घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन
सौन्दर्य प्रसाधन औषधि	पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम
टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश	बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस
दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स	गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, फ्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम
बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड	वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, ब्रुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो
चाय - कॉफी	टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स
शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा	पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी
आईस्क्रीम	कैप्स, अरूण, दिनशाँ, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी	कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स
खाद्य तेल खाद्य पदार्थ	कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्तिभोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन	डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा
तैयार कपड़े	मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंलैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झूड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन	ली के सभी उत्पाद, बर्लिगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड
कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण	एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस	तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स

■ वर्ष-12 अंक-323 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

अपूर्वः कोऽपि कोशोऽयं विद्यते तव भारति।
व्ययतो वृद्धि मायाति क्षयमायाति सञ्चयात्।।

भावार्थ : हे सरस्वती! आपका खजाना वास्तव में अवर्णनीय है; यह खर्च के साथ बढ़ता है और संभालने से घटता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 26 सितम्बर, 2026

केन्द्रसर्वकारस्य रुखस्य विषये ध्यानं दत्तव्यम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

यूपीआई-व्यवहारस्य व्यापारिकशुल्कस्य विषये चिन्ता देशे सर्वत्र व्यापारस्वामिभिः पेट्रोलपम्पव्यापारिभिः च उत्थापिता अस्ति। फलतः केन्द्रसर्वकारः एतासां भुक्तिव्यवस्थानां प्रबन्धनं कुर्वन्तः संस्थाः च आगामिदिनेषु स्थितिं स्पष्टीकर्तुं शक्नुवन्ति इति अपेक्षा अस्ति। शुल्कसंरचने यत्किमपि परिवर्तनं भवति तत् पेट्रोलपम्पेषु भुक्तिसीमां स्थापयितुं निर्णयं अपि प्रभावितं कर्तुं शकोति। अधुना मध्यप्रदेशे अक्टोबर-मासस्य १५ दिनाङ्कः महत्त्वपूर्णः तिथिः अस्ति। यदि अस्मात् तिथ्याः आरभ्य निर्णयः कार्यान्वितः भवति तर्हि पेट्रोलपम्पेषु ग्राहकानाम् 2,000 तः अधिकस्य लेनदेनस्य कृते यूपीआई मार्गेण न तु नकदरूपेण दातव्यं भविष्यति।

राशिफल

मेष : मेडिटेशन करें ताकि आप खुश और संतुष्ट रह सकें। अच्छी न्यूज मिल सकती है। प्रेमी के साथ आपको कुछ वक्त बिताना चाहिए।

वृषभ : अगर आप अपने रिश्ते को लेकर बहुत गंभीर हैं तो शादी के बारे में सोचने का यह समय शुभ है।

मिथुन : बचत करने की कोशिश करें क्योंकि यह आपके वर्तमान कमाई के स्तर को बनाए रखने में मदद करेगा।

कर्क : कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। प्रेम-संबंधों में मधुरता आएगी साथ ही पार्टनर के साथ वैकेशन पर भी जाने की संभावना है।

सिंह : प्रॉपर्टी के मसलों में ध्यान दें, हानि हो सकती है। छात्रों के लिए भी ये दिन अच्छा रहने वाला है।

कन्या : जहां पारिवारिक बंधन मजबूत होंगे वहीं, जीवनसाथी की तलाश में आपको निराशा झेलनी पड़ सकती है।

तुला : आपको करियर में सफलता मिलेगी। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी। यह आपकी ही भलाई के लिए है।

वृश्चिक : आज का दिन उतार-चढ़ाव वाला हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं।

धनु : करियर में आपको चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ ट्रैवल करने का प्लान बन सकता है।

मकर : आपके लिए समय रोमांस से भरपूर रहने वाला है। अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कुंभ : सहपाठियों के साथ मेल-जोल बढ़ाना आपकी प्रोफेशनल लाइफ के लिए बेहतर साबित हो सकता है।

मीन : स्वास्थ्य को दुरुस्त रखने के लिए हेल्दी डाइट लें। खास चीज की खरीदारी आपको किसी दूसरे शहर भी ले जा सकती है।

सम्पादकीयम्

जलप्रलयः प्रकृत्याः

नेपाले विनाशकारी जलप्रलयः प्रकृत्याः चेतावनी; भारतस्य उपरि खतरा वर्तते उत्तरनेपालस्य रसुवामण्डले बुधवासरे प्रातःकाले आकस्मिकं विनाशकारीं जलप्लावनं कृत्वा भारतस्य कृते जोखिमः वर्धितः अस्ति। उत्तरबिहारस्य पूर्वोत्तरप्रदेशस्य च निम्नक्षेत्रेषु नदीजलस्तरस्य वर्धमानस्य विषये चेतावनीः जारीकृताः सन्ति, एतेषु क्षेत्रेषु निवासिनः सुरक्षितस्थानेषु स्थानान्तरिताः भवन्ति। नेपालदेशे जलप्रलयेन विनाशः उत्तरनेपाले भोटेकोशीनद्याः आकस्मिकं तीव्रजलप्लावनेन यत् खतरा भवति तत् भारतपर्यन्तं व्याप्तम् अस्ति। नेपालसीमायाः उत्तरप्रदेशस्य बिहारस्य च क्षेत्रेषु अलर्ट् जारीकृतम् अस्ति। तत्र प्राणघातकता अभवत्, शतशः जनाः अदृश्याः, आधारभूतसंरचनायाः च विस्तृतक्षतिः अभवत्; अस्मात् आपदातः पुनः स्वस्थतां प्राप्तुं नेपालस्य बहुकालः स्यात्। उद्धारप्रयासाः : शताधिकाः भारतीयनागरिकाः-ये कैलाशमंसरोवरयात्रायां प्रस्थिताः आसन्-लापतानां मध्ये सन्ति इति कथ्यते। एतेषां व्यक्तिनां उद्धाराय, राहतकार्यक्रमाय च नेपालदेशे विशालसहायतायाः आवश्यकता वर्तते। भारतेन स्थितिप्रतिक्रियारूपेण तत्कालं कार्यवाही कृता अस्ति। वर्तमानप्राथमिकता प्रभावितजनपर्यन्तं गन्तुं संकटस्य दुर्बलक्षेत्राणां सज्जीकरणं च अस्ति तथापि केचन महत्त्वपूर्णाः प्रश्नाः अपि उत्थापनीयाः। स्थगितप्रकल्पाः : बिहारस्य कृते एषः अनुभवः नूतनः नास्ति। सीमापारं उत्पद्यमानाः नद्यः- यथा कोसी, गण्डकः, बागमती, कमला च-राज्ये वार्षिकजलप्रलयस्य प्रमुखकारणानि सन्ति।

**न चोरहार्यं न च राजहार्यं न भ्रातृभाज्यं न च भारकारी।
व्यये कृते वर्धते एव नित्यं विद्याधनं सर्वधन प्रधानम्।।**

भावार्थ : ज्ञान का धन कोई चुरा नहीं सकता, राजा उसे नहीं ले सकता, वह भाइयों में बाँटा नहीं जाता, बोझ नहीं होता, खर्च करने से बढ़ता है। वास्तव में शिक्षा ही धन है।

एन्जेल् वनस्य संस्थापकः, अध्यक्षः, प्रबन्धनिदेशकः

दिनेश ठक्करः कः सः शेयर-बजारे बहु-अर्ब-रूप्यकाणां व्यापार-परिचयं निर्मितवान्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई



एन्जेल् वनस्य संस्थापकः, अध्यक्षः, प्रबन्धनिदेशकः च दिनेशठक्करः मुम्बई-नगरस्य जुहू-नगरे 'दूतावास-तेराज्जा'-परियोजनायां सम्पूर्णं आवासीय-गोपुरं प्रायः ७११ कोटिरूप्यकेन क्रेतुं सम्झौतां कृतवान् अस्ति एतत् भारतस्य बृहत्तमः एकल आवासीयसम्पत्त्याः सौदाः इति प्रचारितः अस्ति।

दिनेश ठक्करः जुहूनगरे स्थितस्य एम्बेसी डेवलपमेंट्स् इत्यस्य अतिविलासितापरियोजनायाः एम्बेसी तेराज्जा इत्यस्य अन्तः सम्पूर्णं 'जी+७' टॉवरं क्रीतवान् अस्ति। गोपुरस्य रेरा-कालीनक्षेत्रं प्रायः ६३,००० वर्गफीट् अस्ति, अस्य सौदास्य मूल्यं च प्रायः ७११ कोटिरूप्यकाणि अस्ति। परियोजना जुहु तारामार्गे स्थिता अस्ति।

एम्बेसी डेवलपमेण्ट्स् इत्यस्य अनुसारं भारते एकस्याः आवासीयसंस्थायाः सम्बद्धः एषः बृहत्तमः सार्वजनिकरूपेण घोषितः व्यवहारः अस्ति। परियोजनायाः क्षेत्रफलं द्वयोः एकरयोः अधिकम् अस्ति, तत्र प्रायः ५० आवासीय-एककाः सन्ति। सम्पूर्णस्य परियोजनायाः अनुमानितं सकलविकासमूल्यं ३,००० कोटिभ्यः अधिकं भवति इति सूचना अस्ति। व्यापारे प्रवेशार्थं १२ कक्षायाः अनन्तरं त्यक्तवान् दिनेशठक्करस्य जन्म मुम्बई-नगरस्य मुलुण्ड-नगरे वस्त्रव्यापारे संलग्नपरिवारे अभवत्। सः ठाणेनगरस्य सेण्ट् जॉन् द बैप्टिस्ट् उच्चविद्यालये अध्ययनं कृतवान्, अनन्तरं मुम्बईनगरस्य किशिनचन्द् चेल्लराममहाविद्यालये विज्ञानस्य अध्ययनं आरब्धवान्। परन्तु औपचारिक उच्चशिक्षां न सम्पन्नं कृत्वा १२ कक्षायाः अनन्तरं व्यापारं प्रति गतवान्। एन्जेल् वन इत्यस्य प्राचीनानि आधिकारिकदस्तावेजानि अभिलेखयन्ति यत् ठक्करः महाराष्ट्रमण्डलस्य उच्चमाध्यमिकपरीक्षायां उत्तीर्णः अभवत्। कम्पनीयाः अनुसारं तस्य दलाली-उद्योगे २५ वर्षाणाम् अनुभवः आसीत्।

पारिवारिकवस्त्रव्यापारात् शेयरबजारपर्यन्तं ठक्करः प्रारम्भे स्वपरिवारस्य वस्त्रव्यापारे कार्यं कृतवान् परन्तु पश्चात् सः शेयरबजारं प्रति आकृष्टः अभवत्। प्रारम्भिकपदे सः मित्रेभ्यः धनं ऋणं कृत्वा विपण्यां निवेशं कृतवान्। तस्य प्रारम्भिकः अनुभवः सुलभः नासीत्, तस्य हानिः अपि अभवत्। तदनन्तरं केवलं निवेशस्य स्थाने सः शेयर-दलाली-व्यापारस्य जटिलतां अवगन्तुं केन्द्रितवान्। तस्मिन् समये खुदरानिवेशकान् शेयरबजारेण सह सम्बद्धं कर्तुं दलालीव्यापारे प्रौद्योगिक्याः उपयोगः अद्यत्वे इव सामान्यः नासीत्। ठक्करः अस्मिन् क्षेत्रे अवसरान् चिन्त्य स्वस्य व्यवसायस्य निमार्णार्थं प्रस्थितवान्। १९९६ तमे वर्षे एन्जेल् वन इत्यस्य स्थापना एन्जेल् वन इत्यस्य स्थापना १९९६ तमे वर्षे अगस्तमासस्य ८ दिनाङ्के अभवत् ।कम्पनी अभिलेखेषु दिनेश डी. ठक्करः संस्थापकः, अध्यक्षः, प्रबन्धनिदेशकः च इति सूचीकृतः। कम्पनी पारम्परिकरूपेण स्टॉक-दलालीव्यापाररूपेण आरब्धा। कालान्तरे कम्पनी स्वस्य कार्याणि अङ्कीयवित्तीयसेवानां प्रति प्रेषितवती। एन्जेल् वन इत्यस्य मते ठक्करस्य लक्ष्यं पारदर्शिता, प्रौद्योगिक्याः, ग्राहककेन्द्रितसेवासु च बलं ददाति इति कम्पनीनिर्माणम् आसीत्। पारम्परिक दलालतः डिजिटल वित्तीय कम्पनीपर्यन्तं यात्रा तदनन्तरं वर्षेषु एन्जेल् वन इत्यनेन प्रौद्योगिकी-सञ्चालितनिवेशसेवासु ध्यानं वर्धितम्।

बङ्गालस्य खाते मौसमस्य

खतरा तीव्रः भवति आन्ध्र-ओडिशा-तटं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

बङ्गलखाते निर्मितः न्यूनदाबक्षेत्रः अधुना पूर्वतटस्य कृते महत्त्वपूर्णा मौसमचुनौत्यरूपेण उद्भवति। भारतस्य मौसमविभागस्य अनुसारं एषा व्यवस्था 'अवसादने' तीव्रताम् अवाप्तवती अस्ति, आगामिषु २४ घण्टेषु 'गहन अवसाद'रूपेण गभीरताम् अवाप्नोति इति संभावना वर्तते। पश्चिम-वायव्यदिशि गच्छन् उत्तर-आन्ध्र-प्रदेश-दक्षिण-ओडिशा-तटं-विशाखापत्तनम्-गोपालपुर-योः मध्ये-२३ सितम्बर्-मासस्य रात्रौ २४ सितम्बर्-मासस्य प्रातःकाले यावत् कदाचित् पारं कर्तुं शक्नोति एषा मौसमव्यवस्था ओडिशा-आन्ध्रप्रदेशयोः तटीयक्षेत्रेषु महतीतः अत्यन्तं प्रचण्डवृष्टेः, प्रचण्डवायुः, रूक्षसमुद्रस्थितेः च चेतावनीम् आनयति आगामिषु दिनेषु ओडिशा-तेलाङ्गाना-देशयोः अत्यधिकवृष्टेः विषये अपि आईएमडी-संस्थायाः चेतावनीः जारीकृताः सन्ति। प्रणाली अद्यापि चक्रवातः नास्ति वर्तमानस्थितिं दृष्ट्वा अद्यापि मौसमव्यवस्था चक्रवातरूपेण वर्गीकृता नास्ति। आईएमडी-संस्थायाः अवसादात् गहनविषादपर्यन्तं तीव्रता भविष्यति इति पूर्वानुमानं कृतम् अस्ति। यदि तदनन्तरं चक्रवाततूफानरूपेण विकसितं भवति तर्हि उत्तरहिन्दमहासागरप्रदेशस्य नामकरणसूच्यानुसारं तस्य नाम 'अर्नाब' इति भविष्यति। सम्प्रति 'अर्नाब' इत्यस्य उपयोगः केवलं सम्भाव्यनामरूपेण क्रियते, यतः इत्यस्य वर्तमानपूर्वसूचना केवलं गहनविषादपदपर्यन्तं विस्तृता अस्ति।

ज्योतिष/वास्तु

लक्ष्मी नारायण योग : बुध-शुक्र की युति से बनेगा शुभ योग, 3 राशियों के लिए खुलेंगे धन और तरक्की के रास्ते

26 सितंबर को तुला राशि में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा, जो 6 नवंबर तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान कुछ राशियों के लिए आर्थिक और करियर से जुड़े मामलों में अनुकूल परिस्थितियां बनने की मान्यता है। आइए जानते हैं किन 3 राशियों के लिए यह अवधि खास रह सकती है।

ज्योतिष शास्त्र में ग्रहों की युति से बनने वाले योगों का विशेष महत्व बताया गया है। इन्हीं में से एक है लक्ष्मी नारायण योग, जिसे धन, सुख-सुविधाओं और सफलता से जोड़कर देखा जाता है। जब बुध और शुक्र एक ही राशि में आकर साथ स्थित होते हैं, तब इस योग का निर्माण माना जाता है। बुध को बुद्धि, तर्क और वाणी का कारक माना जाता है, जबकि शुक्र धन, ऐश्वर्य और भौतिक सुखों से संबंधित ग्रह हैं। ऐसे में दोनों ग्रहों का साथ कई क्षेत्रों में सकारात्मक परिणाम देने वाला माना जाता है।

ज्योतिषीय गणना के अनुसार 26 सितंबर को, गणेश विसर्जन के अगले दिन, तुला राशि में लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा, जो 6 नवंबर तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान कुछ राशियों के लिए आर्थिक और करियर से जुड़े मामलों में अनुकूल परिस्थितियां बनने की मान्यता है। आइए जानते हैं किन 3 राशियों के लिए यह अवधि खास रह सकती है।

मिथुन राशि: करियर में खुलेंगे नए रास्ते- मिथुन राशि के जातकों के लिए यह योग करियर और आर्थिक मामलों में नए अवसर लेकर आ सकता है। कारोबार करने वालों को किसी लाभदायक सौदे या नए प्रोजेक्ट से फायदा मिलने के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों के सामने आगे बढ़ने के अवसर आ सकते हैं। आमदनी के साधनों में विस्तार होने के साथ लंबे समय से अटका हुआ धन भी वापस मिल सकता है। मनपसंद नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को भी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।



कन्या राशि: आर्थिक स्थिति होगी मजबूत- लक्ष्मी नारायण योग का प्रभाव कन्या राशि के लोगों के लिए आर्थिक रूप से अनुकूल माना जा रहा है। आय बढ़ाने के नए मौके मिल सकते हैं और व्यापार से अच्छा मुनाफा प्राप्त होने की संभावना है। पहले किए गए किसी निवेश से लाभ मिल सकता है। नई योजनाओं पर काम शुरू करने का विचार बनेगा। संपत्ति से जुड़े निवेश के लिए भी समय अनुकूल रह सकता है। इस अवधि में बचत बढ़ने और आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में मजबूत होने के योग बन सकते हैं।

तुला राशि: मिल सकती है कोई अच्छी खबर- तुला राशि में बनने वाला यह योग इसी राशि के जातकों के लिए कई तरह से शुभ परिणाम देने वाला माना जा रहा है। व्यापार में लाभ के अवसर बढ़ सकते हैं और आर्थिक परेशानियों से राहत मिल सकती है। परिवार में सुखद वातावरण बना रहेगा। जीवनसाथी या प्रेमी के साथ रिश्तों में मधुरता बढ़ने की संभावना है। धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। घर, वाहन या नौकरी से संबंधित कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। नौकरी तलाश रहे लोगों को बेहतर अवसर मिलने के संकेत हैं। बुध और शुक्र को मजबूत करने के आसान उपाय बुध को मजबूत करने के लिए बुधवार के दिन हरी मूंग, हरी सब्जियां, हरे फल या हरे रंग के वस्त्रों का दान करना शुभ माना जाता है। शुक्र ग्रह के लिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और नियमित रूप से सुगंधित इत्र का इस्तेमाल करें। शुक्रवार के दिन सफेद रंग की वस्तुओं का दान करना भी लाभकारी माना जाता है।

एशियन गेम्स-भारत को पुरुष मैराथन में 44 साल बाद मेडल

सावन बरवाल ने सिल्वर दिलाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



भारत को एशियन गेम्स के पुरुष मैराथन इवेंट में 44 साल बाद मेडल मिला है। सावन बरवाल ने 2 घंटे 11 मिनट 37 सेकंड की टाइमिंग के साथ सिल्वर दिलाया। इस इवेंट में 1982 के दिल्ली एशियन गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मिला था।

बरवाल के सिल्वर के सहारे भारत के मेडल की संख्या 24 पहुंच गई है। इसमें 2 गोल्ड, 10 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज शामिल हैं। भारत मेडल टैली में 12वें स्थान पर है।

कबड्डी के 2 फाइनल खेलेंगी भारतीय टीमें- एशियाड में आज भारत कबड्डी के 2 गोल्ड मेडल जीत सकता है। भारत की महिला और पुरुष टीम का फाइनल मुकाबला ईरान से होगा। महिला टीम का मैच सुबह 9:30 बजे, जबकि पुरुष टीम का मुकाबला दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

एथलेटिक्सः डेकाथलॉन लॉन्ग जंप में तेजस्विन दूसरे स्थान पर- डेकाथलॉन के लॉन्ग जंप में तेजस्विन शंकर अपने आखिरी प्रयास में फाउल कर बैठे और अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सके। वहीं, थौफीक ने आखिरी प्रयास में 7.37 मीटर की पर्सनल बेस्ट जंप लगाई और 904 अंक हासिल किए। शॉट पुट से पहले तेजस्विन 1807 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। थौफीक 1759 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। शॉट पुट सुबह 7:55 बजे शुरू होगा।

टेबल टेनिसः यशस्विनी घोरपड़े तीसरे राउंड में हारीं- भारत की यशस्विनी घोरपड़े महिला सिंगल्स के तीसरे राउंड में जापान की वर्ल्ड नंबर-3 मिवा हारिमोटो से 1-4 से हार गईं। हारिमोटो ने मुकाबला 11-9, 11-5, 4-11, 11-4, 11-5 से जीता। इस हार के साथ यशस्विनी का सिंगल्स अभियान खत्म हो गया।

बैडमिंटनः लक्ष्य सेन पहले राउंड में हारे, लोह कीन यू ने हराया- भारत के लक्ष्य सेन पुरुष सिंगल्स के पहले राउंड में हारकर एशियन गेम्स से बाहर हो गए। पूर्व वर्ल्ड चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू ने उन्हें 12-21, 21-15, 21-14 से हराया। निर्णायक गेम में कोर्ट बदलने के बाद लक्ष्य ने 5 अंकों की बढ़त को घटाकर 1 अंक कर दिया था। इससे वापसी की उम्मीद जगी, लेकिन लोह ने लक्ष्य से गलतियां मरने पर मजबूर किया। उन्हें 6 मैच पॉइंट मिले और पहले ही मौके पर मुकाबला जीत लिया।

एथलेटिक्सः सवान बरवाल ने मैराथन में सिल्वर जीता, नेशनल रिकॉर्ड बनाया- भारत के सवान बरवाल ने पुरुष मैराथन में सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 2 घंटे 11 मिनट 37 सेकंड का समय लिया, जो उनका पर्सनल बेस्ट और नया नेशनल रिकॉर्ड है। जापान के यामाशिता ने गोल्ड मेडल जीता। बरवाल 35 किमी तक लीड ग्रुप में थे। आखिरी 7 किमी में उन्होंने बढ़त बनाई और चीन के पेइयू फेंग से 36 सेकंड आगे रहे। जापान के इचिकाता यामाशिता ने 2:10:49 के समय के साथ गोल्ड जीता।

एशियन गेम्स में नेपाल ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ निशिन

नेपाल ने एशियन गेम्स के क्रिकेट इवेंट में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। जापान के निशिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी की। टीम 20 ओवर में सिर्फ 102 रन बना सकी। जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। नेपाल के लिए सुंदीप जोरा ने 34 और रोहित पौडेल ने 33 रन बनाए। नेपाल के कप्तान दीपेंद्र सिंह एरी ने 15 रन बनाए। अफगानिस्तान की शुरूआत खराब रही। टीम ने 16 रन के स्कोर तक तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद फैसल खान अहमदजई और नजीबुल्लाह जादरान ने पारी संभाली। दोनों ने 30-30 रन बनाए। नांगेयालिया खान 17 रन बनाकर नाबाद रहे। नेपाल के कुशल भुर्तेल ने 4 और ललित राजबंशी ने 3 विकेट लिए। 103 रन के टारगेट का पीछा करते हुए नेपाल ने 12 रन तक दो विकेट गंवा दिए। इसके बाद सुंदीप जोरा ने 34 रन और रोहित पौडेल ने नाबाद 33 रन बनाकर टीम को संभाला। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 15 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान के लिए फरीदून दावूदजई, अब्दुल्लाह अहमदजई और अरब गुल ने एक-एक विकेट लिया। अफगानिस्तान की टीम में रेगुलर कप्तान राशिद खान, रहमानुल्लाह गुरबाज और अजमतुल्लाह ओमरजई जैसे सीनियर खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया था। तीनों को आराम दिया गया था। एशियन गेम्स मेंस क्रिकेट में भारत सीधे क्वार्टरफाइनल खेलेगा। उसका सामना ग्रुप-अ की दूसरे नंबर की टीम से 28 सितंबर को होगा।

शुभमन गिल प्रैक्टिस सेशन में चोटिल हुए

सिराज की गेंद उनके दाहिनी कोहनी पर लगी, फिर फिजियो ने आइस पैक लगाया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिरुवनतंपुरम

भारतीय वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल को प्रैक्टिस सेशन के दौरान शुक्रवार को चोट लग गई। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंद उनके दाहिनी कोहनी पर जा लगी। वे काफी दर्द में नजर आए। इसके बाद सिराज तुरंत गिल के पास पहुंचे और उनका हाल जाना। फिजियो ने पहले उनके कंधे की फ्लेक्सिबिलिटी जांची और फिर कोहनी पर आइस पैक लगाया। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज 27 सितंबर से शुरू हो रही है। रविवार को तिरुवनंतपुरम में तीन की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा।

करीब 20 मिनट तक आइस पैक लगाए बैठे रहे- गिल ने करीब 20 मिनट तक आइस पैक लगाए रखा। इसके बाद फिजियो ने उनकी कोहनी पर प्लास्टर लगाया। वे प्रैक्टिस सेशन के दौरान लगातार आराम करते रहे। इस दौरान सिराज उनके पास बैठे रहे। बाद में रोहित शर्मा भी गिल का हाल जानने पहुंचे। इसके बाद विराट कोहली और गुरनूर बरार भी उनके पास बैठे रहे।

करीब डेढ़ घंटे बाद फिर जांच हुई- करीब एक घंटे बाद फिजियो ने गिल को दोबारा आइस पैक दिया। इसके बाद वे फिर अपनी सीट पर जाकर बैठ गए और बाकी टीम की प्रैक्टिस देखते रहे। आधे घंटे और बितने के बाद फिजियो ने एक बार फिर जांच की। इसके बाद भी गिलन बल्लेबाजी के लिए नहीं उतरे और अपना प्रोटेक्टिव गियर समेटते नजर आए।

बाएं हाथ से शॉट की नकल की- प्रैक्टिस के आखिरी पलों में गिल ने यशस्वी जायसवाल के साथ मुस्कुराते हुए बातचीत की। इस दौरान उन्होंने दाहिना हाथ सीधा रखते हुए बाएं हाथ की कोहनी से शॉट खेलने की नकल भी की। वे एक हाथ में बल्ला और दूसरे हाथ में पैड लेकर बाहर गए।

खबर एक नजर...

लिंक पर क्लिक करते ही खाते से निकले 34 हजार

उज्जैन। देवासरोड अभिलाषा कालोनी में रहने वाले कौशलेन्द्र पिता हेमेन्द्रसिंह खिंची की इंस्टाग्राम एप्लीकेशन पर पीएस-5 गेमिंग सीपीयू के एड की लिंक आई थी। जिसमें 34 हजार 500 रुपए कीमत लिखी थी। लिंक पर क्लिक करते ही कौशलेन्द्र के वाट्सएप पर डायरेक्ट प्रोडेक्ट से संबंधित मैसेज आने लगे। मैसेज 9129857651 नम्बर से आ रहे थे। कुछ देर बाद यूपीआई के माध्यम से 34 हजार 500 का ट्रांजेक्शन कर लिया गया। 13 अगस्त को हुये ऑनलाइन ट्रांजेक्शन की शिकायत साइबर हेल्पलाइन नम्बर पर दर्ज कराई। जहां से मामला नागझिरी थाना पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने मामले में मोबाइल धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पिछले कुछ माह से ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों का ग्राफ काफी बढ़ गया है। साइबर फ्रॉड करने पर मोबाइल हैक कर खातों से राशि का ट्रांजेक्शन कर रहे है। पुलिस अब तक धोखाधड़ी करने वाला का पता नहीं लगा पाई है।

शराब पीने के बाद भिड़ें युवक, क्रास प्रकरण दर्ज

उज्जैन। इंदिरानगर में 90 क्वार्टर क्षेत्र में रहने वाले निखिलेश उर्फ गोलू पिता जगदीशचंद्र शर्मा ने पदमावती एवेन्यू में रहने वाले विनित पिता भोलेशंकर माली के साथ शराब पी। दोनों के बीच नशे में गाली-गलौच शुरू हो गई। दोनों एक-दूसरे से भिड़ गये और ताल-घूंसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। कुछ लोगों ने बीच-बचाव किया। मामला चिमनगंज थाने पहुंचने पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

74 साल की महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

उज्जैन। नागझिरी थाना क्षेत्र के महालक्ष्मीनगर में रहने वाली 74 वर्षीय रामकुवंर बाई पति स्व. रामरतन सोलंकी को परिवार के लोग शुक्रवार शाम चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां सामने आया कि बुजुर्ग महिला ने जहरीला पदार्थ खाया है। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया और पुलिस को सूचना दी। फिलहाल बुजुर्ग महिला ने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह सामने नहीं आई है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

दुर्घटना में घायल 3 साल के बालक की मौत

उज्जैन। आगर का रहने वाला परिवार महिदपुर रोड पर मजदूरी करने गया था। जहां माता-पिता काम के बाद खाना खाने बैठे थे। उनका 3 साल का पुत्र कार्तिक पिता दिनेश जमादार खेलते खेलते कुछ दूर चला गया। उसी दौरान तेजगति से आई कार ने उसे कुचल दिया। माता-पिता उसे उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे। निजी अस्पताल में 2 दिन चले उपचार के बाद शुक्रवार को बालक की मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद बालक का शव परिजनों को सौंपा है। मामले की जांच महिदपुर रोड थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

नागदा के 2 आरोपियों पर पीट एनडीपीएस की कार्रवाई

उज्जैन। मादक पदार्थ के अवैध कारोबार में शामिल 2 आरोपियों के खिलाफ नागदा पुलिस द्वारा पीट एनडीपीएस एक्ट कार्रवाई की प्रक्रिया समक्ष प्राधिकारी के सामने प्रस्तुत की थी। दोनों आरोपियों की गतिविधियों को देखते हुये उन्हे एक वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि आरोपियों में आसिफ पिता आशिक मंसूरी 32 वर्ष, निवासी जनमेजय मार्ग नागदा और जुबैर पिता फिरोज मेव 28 वर्ष निवासी चेतनपुरा, नागदा है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज थे। उन्हे पूर्व में नशे के कारोबार से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद दोनों लगातार अवैध नशे का कारोबार कर रहे थे। दोनों के खिलाफ की गई कार्रवाई में एसआई वीरेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक रितेश बोरिया, राजेश चंदेल, रोहित मालवीय, आरक्षक मिथुन प्रजापति का सहयोग रहा। पीट एनडीपीएस एक्ट निवारक निरोध का कानून है जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध व्यापार में लगे व्यक्तियों को भविष्य में ऐसी गतिविधियों से रोकना है।

पैसे नहीं देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी

उज्जैन। चिंतामण ब्रिज के नीचे अजय पिता गोपाल पडियार निवासी पटेल नगर, राहुल पिता गंगाराम वर्मा भरपुर राजस्थान और सूरज पिता महेन्द्रसिंह ठाकुर निवासी नगर कोट फाजलपुर का रास्ता रोक बदमाश ने अवैध तरीके से रूपयों की मांग की। तीनों ने विरोध किया और पैसे देने से मना किया तो बदमाश ने उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। चिंतामण थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ अवैध वसूली का प्रकरण दर्ज किया है। अजय पडियार ने बताया कि वह बदमाश को चेहरे से पहचानते है। पुलिस आसपास लगे कैमरों के फुटेज देख बदमाा का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

दिन	156-2	133-7
मेन बाजार	570-2	158-4
मिलन डे	470-1	369-8
मिलन नाइट	124-7	780-5

5 8 0

रिमांड पर अमानत में खयानत करने वाला आरोपी

परिचित को झांसा देकर ठिकाने लगाई थी स्कार्पियो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

एक माह पहले परिचित को झांसा देकर उसकी स्कार्पियों ठिकाने लगाकर अमानत में खयानत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिससे रिमांड पर पूछताछ की जा रही है। उसकी निशानदेही पर ठिकाने लगाई गई स्कार्पियों बरामद की गई है।

माधवनगर थाना एसआई सालगराम चौहान ने बताया कि 19 अगस्त को वल्लभनगर में रहने वाले उदित पिता कृष्णकांत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह प्रायवेट जॉब करता है। उसकी स्कार्पियों परिचित फैजान पिता मोहम्मद शाह निवासी इंदौर लेकर गया था। उससे गाड़ी वापस मांगी तो उसने अपना मोबाइल बंद कर लिया। गाड़ी नहीं मिलने पर पता लगाया गया तो सामने आया कि उसने पांच लाख में स्कार्पियों बेच दी है। मामले में अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी। कई जिलों में दबिश देने के बाद रतलाम से उसे गिरफ्तार कर उज्जैन लाया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसकी निशानेदही पर मंदसौर में बेची गई स्कार्पियों बरामद की गई है। शनिवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।



पूर्व में कर चुका है लोगों से धोखाधड़ी

बताया जा रहा है कि आरोपी काफी शातिर है, वह पूर्व में भी कई जिलों में धोखाधड़ी कर चुका है। आरोपी अपना ठिकाना भी बदलता रहता है और ऐसे लोगों से पहचान बनाता है, जिनको वाहन बेचने, खरीदने की जरूरत होती थी। उदित की पूर्व में पहचान हुई थी। उस दौरान आरोपी ने वाहनों की खरीदी ब्रिकी का डीलर होना बताया था। उदित ने उसे स्कार्पियों बेचने की बात कहीं थी। उसने अच्छे भाव में बिकवाने का झांसा दिया था और ग्राहक को दिखाने के बहाने ले गया था।

फर्जी पुलिस आईडी का करता था उपयोग

बताया जा रहा है कि आरोपी के गिरफ्त में आने पर उसके पास फर्जी पुलिस का आईडी कार्ड मिला है। जिसका उपयोग वह हाइवे पर टोल नाकों पर करता था और वाहन बिना टैक्स चुकाये निकाल लेता था। पुलिस उसके साथियों का भी पता लगा रही है। लेकिन वह अकेला ही अमानत में खायनत करना बता रहा है। पुलिस उसका अपराधिक रिकार्ड भी खंगाल रही है।

झांकियां और बैंड की प्रस्तुतियों को निहारने के लिए उमड़े लोग

अनंत चतुर्दशी पर झिलमिलाती झांकियों का कारवां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अनंत चतुर्दशी पर शुक्रवार रात झिलमिलाती झांकियों का कारवां निकला। देर रात निकली झांकियों को कई आंखों ने निहारा। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवार सहित झांकियां देखने पहुंचे थे झांकियां शुक्रवार रात 11 बजे बाद चामुंडा माता से निकलना शुरू हुई जो देवास गेट, मालीपुरा होते हुए दौलतगंज से झांकियों का काफिला सड़कों से गुजरा तो लोगों के उत्साह का सागर उमड़ पड़ा। पहली झांकी नगर निगम की जिसमें नृसिंह अवतार और दूसरी झांकी जिसमें तीनों लोक के देवता नृत्य करते हुए दिखाया गया इसके बाद पीएचई विभाग की झांकियां जिसमें भगवान श्री हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाने तथा मां महाकाली के रौद्र स्वरूप पर आधारित झांकियां निकली।देर रात तक झांकियों का कारवां निकलता रहा।आकर्षक विद्युत सज्जा, रंग-बिरंगी रोशनी और धार्मिक प्रसंगों की मनमोहक प्रस्तुति के साथ सजी चारों झांकियां जुलूस में विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।



नगर निगम द्वारा दो तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग द्वारा दो, कुल चार झांकियों का निर्माण किया गया।

लगता रहा जाम



शाम होते ही ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया था इस कारण लोगों को काफी परेशान होना पड़ा जिस मार्ग से झांकियां निकली वहां रात को बैरिकेटिंग कर दी गई थी साथ ही गली मोहल्ले में गणेश पंडाल की वजह से रास्ते बंद थे ऐसे में दो पहिया वाहन लेकर निकलने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

पेड़ पर लटकी मिली ग्रामीण की 2 दिन पुरानी लाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

परिवार जिसे 2 दिनों से तलाश कर रहा था उसकी शुक्रवार को पेड़ पर लटकी लाश मिलना सामने आया है। आत्महत्या से पहले उसने सुसाइड नोट लिखा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर जांच में लिया है। घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि गुरूवार को नजरपुर में रहने वाले देवीलाल पिता बालाराम 55 साल के 2 दिनों से लापता होने की शिकायत परिजनों ने दर्ज कराई थी। शुक्रवार सुबह कुछ लोगों ने नजरपुर में राजूपत परिवार के खेत के पास पेड़ से देवीलाल की लाश को रस्सी के फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची। शव 2 दिन पुराना हो चुका था। उसे फंदे से उतारा गया। देवीलाल के फांसी लगाने की जानकारी मिलने पर परिजन भी मौके पर आ गये थे। पुलिस ने मृतक के कपड़ों की तलाशी तो उसके पास से सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसके बेटे के जेल में होने से परेशान होकर फांसी लगाने की बात लिखी गई थी। पुलिस ने बताया कि मृतक के बेटे की जिस लड़की से शादी होना था उसने कुछ महिनों पहले आत्महत्या कर ली थी। जांच के दौरान सामने आया कि मृतक के बेटे द्वारा लड़की को शादी करने से मना कर दिया था। जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठा लिया था। पुलिस ने मामले में उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जेल भेजा था।

पति के साथ मायके में रहने वाली महिला ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पति के साथ चार साल से मायके में रहने वाली महिला ने गुरूवार-शुक्रवार रात फांसी लगा ली। बच्चों ने नाना-नानी को घटनाक्रम बताया। पति घर पर नहीं था उसे बुलाया गया तो वह नहीं आया। मृतिका के माता-पिता ने पति पर विवाद करने का आरोप लगाया है।

मक्सीरोड मोरूखेड़ी में रहने वाली कविता पति शिवशंकर चंदेल 28 साल ने रात में घर में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली थी। उसके 2 बच्चे घर पर थे उन्होने मां का देखा तो कुछ दूरी पर रहने वाले नाना-नानी को घटना की जानकारी दी। बच्चों का मामा दिनेश और कविता के पिता धर्मेन्द्र घर पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने विवेचना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजा। शुक्रवार सुबह मृतिका के पिता धर्मेन्द्र ने बताया कि बेटी का विवाह देवास में किया था। लेकिन ससुराल में विवाद के चलते चार साल पहले 2 बच्चों को लेकर मायके आ गई थी। उसका पति भी उसके साथ रहने उज्जैन आ गया था और घर जमाई बन गया था। वह मजदूरी करता है लेकिन आये दिन बेटी से विवाद करता रहता था। रात में उसे बुलाया गया लेकिन बच्चों को छोड़कर भाग निकला था। सुबह तक उसका पता नहीं चला है। पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर मामले में जांच की बात कहीं है।

होटल की छत पर लटका मिला युवक- योग माया माता मंदिर के पास होटल स्वागत की तीसरी मंजिल स्थित छत पर गुरूवार रात शंकर पिता संतोष चौहान 28 साल चादर के फंदे पर लटका मिला। रवि गोमे ने उसे देखा और खाराकुआ थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने पर सामने आया कि होटल मृतक के परिवार की है, वह देखरेख करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। रवि गोमे ने बताया कि शंकर जमानत पर जेल से रिहा हुआ था। उसे हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसने फांसी क्यों लगाई इसका कारण पता नहीं है।

प्रतिमा विसर्जित करने आया युवक उंडासा तालाब में डूबा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बापूनगर का रहने वाला युवक उंडासा तालाब पहुंचा था और गणेश विर्सजन स्थल से दूर अपनी प्रतिमा विसर्जित करने पहुंच गया। जहां वह नहाने के लिये तालाब में उतर गया और गहरे पानी में जाने से डूब गया। युवक के डूबने की खबर मिलने पर होमगार्ड की टीम सर्चिंग के लिये पहुंची। कुछ घंटे बाद शव निकाला गया।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि उंडासा तालाब पर सैकड़ो की संख्या में शुक्रवार को शहरवासी गणपति बप्पा को विदाई देने के लिये सुबह से पहुंचना शुरू हो गये थे। पुलिस के साथ होमगार्ड की टीम सुरक्षा व्यवस्था में प्रतिमा विसर्जन करा रहा थी। उसी दौरान दोपहर में खबर सामने आई कि तालाब के दूसरे छोर पर एक युवक डूब गया है। पुलिस मौके पहुंची डूबे युवक की तलाश के लिये होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। शाम 5.30 बजे के लगभग होमगार्ड टीम ने युवक को बाहर निकाल लिया। उसकी मौत हो चुकी थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया। युवक का नाम सागर उर्फ गोलू पिता रमेश कटियार निवासी पंवासा हाल मुकाम बापूनगर सामने आया है। पुलिस के अनुसार युवक के परिजनों का पता लगाया जा रहा है। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा प्रारंभिक जानकारी सामने आई है कि युवक प्रतिमा विसर्जित करने के बाद कपड़े उतारकर नहाने के लिये तालाब में उतर गया था। उसके साथ एक युवती थी, जो प्रतिमा विसर्जन के बाद चली गई थी।



होमगार्ड की टीम ने सर्चिंग के बाद निकाला शव

अब उज्जैन शहर में शव वाहन की मांग पर नहीं पिटेंगे अधिकारी

नगर निगम के वाहन बेडे में 4 नए मोक्ष वाहन, दो बड़े-दो छोटे

1 करोड़ 47 लाख की लागत से निगम के संसाधनों में शामिल हुए 08 नए वाहन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में अब शव वाहन की उपलब्धता को लेकर पार्षद,उनके समर्थकों एवं अधिकारियों के बीच विवाद नहीं होगा। पिछले वर्ष शव वाहन की मांग को लेकर हुए विवाद में एक अधिकारी की पिटाई का मामला हुआ था। नगर निगम ने 1.47 करोड की लागत से नए 8 वाहन खरीदी की है जिसमें से 4 मोक्ष वाहन हैं। इनमें दो छोटे एवं दो बडे हैं। छोटे वाहन गलियों तक पहुंच सकेंगे और सहजता से अंतिम यात्रा को अंजाम देंगे।

अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर नगर निगम उज्जैन के संसाधनों में 1 करोड़ 47 लाख रुपए की लागत से 08 नए वाहन शामिल किए गए। उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं महापौर मुकेश टटवाल द्वारा वर्कशॉप विभाग प्रभारी जितेंद्र कुवाल एवं अपर आयुक्त संतोष टैगोर की उपस्थिति में विधि-विधान से वाहनों का पूजन कर लोकार्पण किया गया

4 मिनी डंपर, 4 मोक्ष वाहन- नगर निगम द्वारा नागरिकों को बेहतर एवं त्वरित सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नए वाहनों की खरीद की गई है। इनमें निगम मद की राशि रुपए लगभग 90 लाख रुपए की लागत से चार मिनी डंपर तथा 57 लाख रुपए की राशि से चार शव वाहन (मोक्ष रथ) शामिल हैं। चार शव वाहनों में दो छोटे एवं दो बड़े मोक्ष रथ हैं।विशेष रूप से छोटे मोक्ष रथों की सुविधा से शहर की संकरी एवं छोटी गलियों में बड़ी राहत मिलेगी।

निगम मद, विधायक एवं महापौर निधि का उपयोग- चारों मोक्ष रथों की खरीद में विधायक निधि से 22 लाख रुपए तथा महापौर निधि से 35 लाख रुपए की राशि का उपयोग किया गया है। नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। लोकार्पण में एमआईसी सदस्य रजत मेहता, पार्षद दिलीप परमार, मंडल अध्यक्ष रितेश जटिया, विक्रम सिंह ठाकुर, अजय तिवारी, जगदीश पांचाल, अशोक केथवास, विशाल शर्मा, शानू मेहता, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, वर्कशॉप प्रभारी कृष्णा भूरिया सहित निगम अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ये हुआ था अधिकारी के साथ- उज्जैन नगर निगम में शव वाहन को लेकर पार्षद और अधिकारी के बीच मारपीट की घटना आगर रोड स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय में 19 अक्टूबर 2025, रविवार शाम को हुई थी। वार्ड 16 के भाजपा पार्षद के सहयोगी ने शव वाहन शाम 6 बजे के लिए बुक किया था। वे शाम 4 बजे ही वाहन लेने पहुंच गए और तुरंत वाहन की मांग करने लगे। समय को लेकर विवाद बढ़ा और फायर प्रभारी लक्ष्मण प्रसाद साहू (प्रभारी कार्यपालन यंत्री एवं प्रभारी फायर आफिसर) के साथ अभद्रता और थप्पड़ मारने की घटना हुई, जिससे उनका चश्मा टूट गया। साहू की शिकायत पर पार्षद 4 के विरूद्ध कोतवाली थाने में बीएनएस की धारा 296, 115(2), 121(1), 132, 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। घटना से आक्रोशित फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड और अन्य वाहन आगर रोड पर खड़े कर करीब 45 मिनट तक चक्काजाम किया था।

31 वाहनों के 9.40 लाख में विक्रय पर संशय- नगर निगम उज्जैन अपने वर्कशाप में खडे 31 वाहनों को मात्र 9.40 लाख में बेचने का निर्णय ले चुका है। नगर निगम वर्कशॉप विभाग द्वारा निगम स्वामित्व के 31 वाहनों को जिनमें आयशर, डंपर, जेसीबी, स्कॉर्पियो, टाटा डंपर, ट्रैक्टर्स, क्वालिस, हाइड्रोलिक डंपर, जीप, हाइड्रा क्रेन शामिल हैं को विक्रय का निर्णय लिया गया है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com